प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 30 / 2026)
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 02 मार्च 2026 तत्काल प्रकाशन हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने पश्चिम बंगाल के सुंदरबन इलाके में तटीय मार्गो पर नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने जनवरी 2026 के महीने के दौरान पश्चिम बंगाल के सुंदरबन इलाके में हीरोभंगा, बिदयावती और दत्ता नदियों के तटीय मार्गों को कवर करते हुए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट विविध उपयोग वातावरणों - ग्रामीण आवासीय इलाके, पर्यटक स्थल और स्थानीय बाजारों में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गए थे ।

29 जनवरी 2026 को भादूविप्रा की टीमों ने पश्चिम बंगाल के सुंदरबन इलाके में हीरोभंगा, बिदयावती और दत्ता नदियों के तटीय मार्गों में **41.0** किलोमीटर कोस्टल ड्राइव टेस्ट, **1** हॉटस्पाट को कवर करते हुए विस्तृत टेस्ट किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं; जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया था।

मूल्यांकित प्रमुख पैरामीटर:
क) वॉइस सेवाएं: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।
ख) डाटा सेवाएं: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले ।

पश्चिम बंगाल राज्य में सुंदरबन क्षेत्र में हीरोभंगा, बिद्याधारी और दत्ता नदियों के साथ तटीय मार्गो में समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया है:

कॉल सेटअप सक्सेस रेट- ऑटो-सेलेक्शन मोड (**5G/4G/3G/2G**) में एयरटेल**,** बीएसएनएल**,** आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 100.00%, 18.37%, 100.00% और 91.61% है।

ड्रॉप कॉल रेट: - ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल ड्रॉप रेट क्रमशः 0.00%, 8.89%, 0.68% और 0.00% है।

5G डेटा सर्विसेज ने समग्र तटीय ड्राइव परीक्षण में **60.40** Mbps की अधिकतम औसत डाउनलोड स्पीड और **17.49** Mbps की अधिकतम औसत अपलोड स्पीड प्रदान की।

* ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में **वॉयस टेस्टिंग में** एयरटेल, बीएसएनएल वीआईएल और आरजेआईएल **के लिए तटीय ड्राइव टेस्ट** के दौरान तय किए गए मार्गो के क्रमशः 4.27%, 25.81%, 9.64% और 11.74% हिस्से पर सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई। इसी में **डाटा टेस्टिंग में तटीय ड्राइव टेस्ट** के दौरान तय किए गए मार्गो के क्रमशः24.44%, 24.81%, 25.95% और 11.76% हिस्से पर सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई

सुंदरबन क्षेत्र में हेरोभंगा, बिद्याधारी और दत्ता नदियों के किनारे झारखाली, अमलामेठी, सजनेखली, सोनगर, गडखाली आदि क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

भादूविप्रा ने **स्टैटिक टेस्टिंग** के माध्यम से झोरे जोले जोंगोले - इको हेरिटेज रिज़ॉर्ट - झारखाली में रीयल वर्ल्ड स्थितियों का भी मूल्यांकन किया।
प्रमुख सेवा गुणवत्ता मानदंडों पर निष्पादन का सारांश: सी.एस.एस.आर.: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (% में), सी.एस.टी.:कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), डी.सी.आर: ड्रॉप कॉल रेट (%में),





सारांश - वॉइस सेवाएं

कॉल सेटअप सक्सेस रेट: ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 100.00%, 18.37%, 100.00% और 91.61%, है।

कॉल सेटअप टाइम: ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः 1.91, 7.20, 0.75 और 1.53 सेकंड है।

ड्रॉप कॉल रेट: ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.00%, 8.89%, 0.68% और 0.00% है।

सारांश - डाटा सेवाएं

डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र): एयरटेल (5G/4G) की औसत डाउनलोड स्पीड 58.81Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 3.24 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 60.40 Mbps और वीआईएल (4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 21.65 Mbps है।

डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र): एयरटेल (5G/4G) की औसत अपलोड स्पीड 8.33 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 3.58 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 17.49Mbps और वीआईएल (4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 6.60 Mbps है।

लेटेंसी (समग्र): एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं पर्सेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 69.83ms, 154.01ms, 34.79 ms और, 47.97 ms है।

डाटा निष्पादन - हौट स्पॉट (Mbps में):

एयरटेल -	4G D/L: 5.81	4G U/L: 4.76
आरजेआईएल- -	4G D/L: 17.86	4G U/L: 4.92
	5G D/L: 24.10	5G U/L: 5.73

नोट- "डी/एल" डाउनलोड गति, "यू/एल" अपलोड स्पीड
एयरटेल 5G, बीएसएनएल 4G और वीआईएल 4G में सभी डाउनलोड और अपलोड टेस्ट फेल हो गए

ये टेस्ट वास्तविक समय वातावरण में भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरणों की सहायता से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री कौशिक मुखर्जी, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता), भादूविप्रा से ईमेल adv.kolkata@trai.gov.in या टेलीफोन नं +91-33-22361401 पर संपर्क किया जा सकता है।

(कौशिक मुखर्जी)
सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का., कोलकाता